प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 20.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रकाश पर्व दीपावली आज देशभर में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। दीपोत्सव की श्रंखला में आज दोपहर बाद कार्तिक अमावस्या की तिथि लगने पर शाम को शुभ मुहुर्त में धन और सौभाग्य की देवी मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना की जायेगी। इस बार तिथि वृद्धि के चलते आज और कल दोनो दिन अमावस्या बनी रहने से दीपोत्सव पांच की बजाय 6 दिन मनाया जायेगा। इस बीच दिन चढने के साथ ही राज्यभर में उत्साह चरम पर पंहुचने लगा है। लोग सुबह से मिठाईयां, पटाखे और रोजमर्रा की वस्तुओं के साथ लक्ष्मी पूजन की सामग्री खरीदते देखे जा रहे है। मंदिरों में भगवान को विशेष पोशाक धारण कराई जा रही है। बृज क्षेत्र भरतपुर में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु पंहुच रहे है। वहां किला स्थित बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी का विशेष श्रंगार किया गया है। पाली के सोमनाथ मंदिर में अयोध्या से मंगाई ज्योति प्रज्वलित की गई है, जिसे देखने भक्तों का तांता लगा हुआ है। चूरू के सालासर बालाजी मंदिर में दीपावली पर श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। वहीं करौली के मदन मोहन जी और राजधानी जयपुर के गोविंद देव जी सहित प्रदेशभर के मंदिरों में विशेष आयोजन हो रहे है। आदिवास बाहुल्य बांगड क्षेत्र के जिलों में भी परम्परागत रूप से दिवाली मनाई जा रही है। घरों के आगे महिलाएं रंगोली बनाकर दीप सजा रही है। इस बीच आतिशबाजी चलाने को लेकर बच्चों के साथ बडो में भी उत्साह बना हुआ है। राज्य सरकार ने आमजन से धुआं रहित और ग्रीन पटाखे चलाने की अपील की है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल और पर्यावरण विभाग ने अस्पताल और विद्यालय सहित प्रतिबंधित क्षेत्र में आतिशबाजी नहीं करने का आग्रह किया है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की तीनों सेनाओं के बीच समन्वय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था। आज गोवा में कारवार तट पर आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के साथ दिपावली का त्योहार मनाने आये प्रधानमंत्री ने सैनिकों का मनोबल बढाते हुए ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आईएनएस विक्रांत, आत्म–निर्भर भारत और मेड इन इंडिया का सशस्त्र प्रतीक है। श्री मोदी ने जवानों और देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार ने हर जोखिम को सुधार में और हर सुधार को लचीलेपन में और लचीलेपन को क्रांति में बदलने का काम किया है।

----

गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

0000

ईसरदा–दौसा पेयजल परियोजना के तहत शिवाड पम्प हाउस के निर्माण कार्य का विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने शुभारम्भ किया। 1 करोड़ 86 लाख रूपये की लागत से बनने वाले इस पम्प हाउस से पोने दो सौ गांवों को शुद्ध पीने का पानी मुहैया हो

सकेगा। इसके लिए सवाईमाधोपुर के चार गांवों में उच्च क्षमता के जलाशय बनाये जायेंगे, जहां से हर घर जल परियोजना के तहत तीन हजार से अधिक घरों में बनास के पानी की सप्लाई की जायेगी।

00000

रेल्वे ने मारवाड जंक्शन से देवगढ मदारिया के लिए नई रेल लाईन के कार्य के अंतिम लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल पर हो रहे इस रेल मार्ग के सर्वे पर पोने 12 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इससे राजसमंद, उदयपुर, पाली और आस–पास के क्षेत्रों में रेल्वे नेटवर्क और मजबूत होने से यहां के पर्यटन क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000